# Government Tulsi College Anooppur, M.P.

(Aff. to Awadhesh Pratap Singh University, Rewa, M.P.)

## Two Days National E- Seminar on Challenges Before Economy, Society & Nation in Present Scenario

## (17-18 July 2020)

Organized by
Department of Economics

अर्थशास्त्र
विभाग

# प्रतिवेदन


दिनाँक17-18 जुलाई 2020 को शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा " **समकालीन समय की सबसे बड़ी चुनौती कोरोना का अर्थव्यवस्था, समाज और राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां** " विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें देश के 13 राज्यों और मध्य प्रदेश के 43 जिलों से संकाय सदस्य और पीएचडी स्कॉलर्स ने पंजीकरण कराया तथा 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

- इस वेबिनार का आयोजन दो दिनों के 8 सत्रों में किया गया था। वेबिनार में देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालय और राज्य विश्वविद्यालय के अतिथि व्याख्याताओं ने अपना वक्तव्य जारी किया।
- वेबिनार का आयोजन महावि. के अर्थशास्त्र विभाग ने किया था जबकि महावि के सभी संकाय सदस्यों ने उत्साह के साथ दिया सहयोग और भागीदारी।
- इस वेबिनार के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सामाजिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ प्रोफ. यतिंद्र सिंह सिसोदिया सर और गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, झूंसी, प्रयागराज के पूर्व निदेशक एवम पूर्व संकाय प्रोफ. इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, अनूपपुर के प्रोफ. प्रदीप भार्गव थे।
- प्रोफ. यतीन्द्र सिंह सिसोदिया ने उद्घाटन वक्तव्य में कहे कि ग्रासरूट डेमोक्रेसी को निर्मित करने में हम विफल रहे नही तो इतनी समस्या न आई होती। प्रोफ. सिसोदिया पंचायती राज संस्थाओं और इनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्यओं पर व्यक्तव्य दे रहे थे।





PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

- प्रोफ. भार्गव ने कोविड पूर्व और कोविड बाद कि अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए कहे कि यह समझ के बाहर है कि यदि सरकार सत्य में कोविड काल मे पैसे खर्च कर रही है तो राजकोषीय घाटा कम कैसे है? उन्होंने कोविड के बाद कि अर्थव्यवस्था के बारे कुछ भी कहने से मना कर दिए यह कहते हुए की मुझे नहीं पता यह कोविड कब समाप्त होने वाला है।





- सेमिनार का पूरा हिस्सा राष्ट्र के थीम पर था और इस थीम पर राजनीति शास्त्र विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस, के विषय विशेषज्ञ प्रोफ. तेज प्रताप सिंह ने यह कहा कि भारत और चीन में एक मूलभूत अंतर है कि चीन 1965 के बाद से गंभीर किस्म का कोई भी युद्ध नही किया है जबकि भारत कारगिल और पहाड़ी युद्ध कौशल में निरंतर अपना अभ्यास किया है जैसे कारगिल युद्ध। वे अपना व्यक्तव्य यह कहते हुए समाप्त किये की उनका विश्व-बंधुत्व में पूरा विश्वास है और वे चाहेंगे कि कोविड बाद का विश्व दो ध्रुवीय ना होकर बहु-ध्रुवीय हो, शांति के समक्ष यह चुनौती भी है और समाधान भी। प्रोफ. सिंह वेबिनार के विशिष्ट अतिथि थे।




- इस वेबिनार में चौथा वक्तव्य एडवांस सेंटर फॉर वीमेन स्टडीज, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर डॉ तरुशिखा सर्वेश ने विकास और न्याय शिक्षा को लेकर विषय पर बात रखी। डॉ तरुशिखा ने इकोलॉजिकल डेमोक्रेसी जैसे नवीन डिस्कोर्स पर भी अपनी बात रखी। इसके पूर्व वो सत्र दो का संचालन भी की थी। वो आमन्त्रित वक्तव्य जारी कर रही थी।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

- प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में हमारे अत्यंत सम्मानित अतिथि रहे पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर, छ. ग. के स्कूल ऑफ सोशल साइंस, सामाजशास्त्र और समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एल.एस. गजपाल सर उन्होंने कोविड काल मे प्रतिवर्ती आव्रजन के समय मजदूरों की सामान्य दशा पर जमीनी हकीकत को बता रहे थे।




- दुसरे दिन की शुरूआत 6वे सत्र के आयोजन के साथ शुरू हुआ। प्रथम सत्र के हमारे मुख्य अतिथि डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय(केंद्रीय विश्वविद्यालय) सागर मध्यप्रदेश के सामाजशास्त्र एवम समाजकार्य विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रोफ. दिवाकर सिंह राजपूत थे। वे साइबर क्राइम सहित समाज और संस्कृति के ऊपर वक्तव्य दे रहे थे।
- अगले सत्र के रूप में अर्थशास्त्र विषय के युवा एवम प्रतिष्ठित विद्वान सम्प्रति श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, अर्थशास्त्र विभाग, दिल्ली केंद्रीय विश्वविद्यालय, उत्तरी कैम्पस, के प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार कोविड का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिए। एक प्रश्न के उत्तर को देते हुए डॉ संतोष ने कहा कि मैं अंतराष्ट्रीय तुलनाओं के संदर्भ में भारत के प्रदर्शन को 10 में से 8 देंगे किंतु आंतरिक परफार्मेन्स के आधार पर 2 से अधिक नही दे सकेंगे। इस सवाल को के. साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या, उत्तरप्रदेश के अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर श्री मुकेश कुमार पांडेय ने किया था। ज्ञातव्य हो कि श्री मुकेश कुमार पांडेय इस सेमिनार के आयोजन सचिव भी थे और इन्होंने ने उक्त जिम्मेदारी को वेबिनार के दूसरे दिन के सफल संचालन भी किया था। महावि. उनके प्रति आभार व्यक्त करता है।
- वेबिनार के अंतिम सत्र महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण, के गांधी एवम शांति अध्ययन के युवा विद्वान सहायक प्रोफेसर डॉ अम्बिकेश कुमार त्रिपाठी ने वेबिनार को यह कहते हुए एक वैकल्पिक मार्ग बताया कि यदि आज गांधी होते तो वो क्या करते, आज उनसे हम क्या सिख सकते है और भी अन्य विमर्श प्रस्तुत किये। शांति का मार्ग ही श्रेष्ठ है।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

- कार्यक्रम का समापन डॉ. अमित भूषण (आयोजक और अर्थशास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष और महावि. के गुणवत्ता प्रकोष्ठ के प्रभारी) द्वारा थीम, वेबिनार का सत्रानुसार निष्कर्ष इसकी प्राप्तियों और भविष्य पर बात कर रहे थे। डॉ अमित भूषण ने कहा कि वेबिनार का फलक भले ही टेलिस्कोपिक था किंतु सभी विद्वानों ने अपने थीम के दायरे में अपना वक्तव्य जारी कर इसे सफल बना दिये है। डॉ भूषण के अनुसार वेबिनार अपने उद्देश्य में सफल रहा है।
- ज्ञात हो कि इस वेबिनार को सफल समपन्न कराने के लिए एक बहुत ही कर्मठ, साहसी और काबिल युवा प्रोफेसरों का आयोजन समिति बनाया गया था। इसमे राज्य के बाहर के प्रोफेसर भी थे। उनमें डॉ मनमोहन लाल, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र, जी.एस. एस. पीजी कॉलेज, कोयलसा आजमगढ़, उत्तर प्रदेश, डॉ पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, सहायक प्रोफ. राजनीतिशास्त्र, डी. एन. पीजी. कॉलेज, गुलौठी, उत्तर प्रदेश, श्री पीयूष कुमार त्रिपाठी,सहायक प्रोफ. राजनीतिशास्त्र, डी. एन. पीजी. कॉलेज, गुलौठी, उत्तर प्रदेश और श्री भवनीत सिंह बत्रा(तकनीकी सहायता, पोस्टर, बैनर आदि के निर्माण और प्रशिक्षण में) में लगातार कार्य कर रहे थे। महावि. इनको अपना अतिथि सम्मान प्रकट करता है। डॉ मनमोहन लाल वेबिनार के प्रथम दिन का संचालन एवम सत्र संख्या 8 का संचालन भी किये थे। डॉ पुष्पेंद्र मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किये और श्री पीयूष त्रिपाठी मुख्य अतिथि महोदय के वक्तव्य का संक्षेपण प्रस्तुत किया।
- इसके अलावा महावि. के सभी संकाय एवम विभाग आयोजन समिति में कार्य कर रहा था। जहाँ डॉ जे के संत अडवाइजरी के साथ- साथ आयोजन समिति में भी कार्य कर रहे थे वही अंतिम दिन के अंतिम सत्र में उन्होंने महावि परिवार की ओर से सभी को शुभकामनाएं भी दिए थे।
- इस वेबिनार में गणित विभाग से डॉ गीतेश्वरी पांडेय, वाणिज्य विभाग और सांस्कृतिक परिषद से डॉ आकांक्षा सिंह राठौर, सुश्री पूनम धांडे, सहायक प्रोफ. इतिहास, श्री विनोद कुमार कोल(सामाजशास्त्र), संगीता बासरानी(जंतु विज्ञान), डॉ देवेंद्र सिंह बागरी और अजय राज सिंह राठौर ने आयोजन समिति के लिए कार्य किया।
- ध्यातव्य हो कि श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय(हेड सामाजशास्त्र), श्री शाहबाज खान(सहायक प्रोफ. वाणिज्य) श्री कमलेश चावले(सहायक प्रोफ. राजनीति शास्त्र) और शुश्री प्रीति वैश्य इस वेबिनार का अर्थशास्त्र विभाग के लिए सह-संयोजन कर रहे थे।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

- यह स्मरण कराया जाता है कि इस वेबिनार का उदघाटन महावि. के प्राचार्य डॉ प्रोफ. परमानन्द तिवारी के आरंभिक वक्तव्य और अतिथि स्वागत के साथ दिनाँक 17 जुलाई को हुआ था। इस नवोन्मेष के लिए उन्होंने नव-नियुक्त महावि. के सहायक प्रोफेसरों का उत्साह वर्धन इस निर्देश के साथ किया कि ये नवोन्मेष बारी- बारी से सभी विभाग करे वे ऐसे और इसप्रकार के किसी भी कार्य को वे अपना अनुमति प्रदान करेंगे। उन्होंने ने महावि की ओर से और इस वेबिनार के संरक्षक होने के नाते अतिथियों का स्वागत, सम्मान एवम आभार व्यक्त कर रहे थे। प्रोफ. तिवारी ने बताया कि उनके उद्बोधन के पश्चात BSc प्रथम वर्ष की छात्रा संजना शर्मा के सरस्वती वंदना के प्रस्तुत करेंगी।
- धन्यवाद ज्ञापन प्रथम दिन श्री शहबाज खान किये थे और द्वितीय दिन डॉ आकांक्षा सिंह की थी। अन्य विभाग और संकाय के प्रोफेसर, अतिथि परिचय, सत्र संचालन, प्रश्नोत्तर और फीडबैक कमेटी में कार्य कर रहे थे।
- इस वेबिनार का आयोजन गूगल मीट एप्प पर किया गया था और कोई तकनीकी बाधा न उत्पन्न हो इसके लिए Google G suite का enterprise डोमेन और मीट लिया गया था। इस डोमेन के ड्राइव लिंक और क्लाउड प्लेयर से हमेशा देखा जा सकेगा। ऐसा महावि. के गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सलाह पर किया गया था।

**////////प्रेस रिलीज प्राचार्य ऑफिस/////**

# तुलसी महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन




अनूपपुर (मालती एक्सप्रेस)। शासकीय तुलसी महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन 17-18 जुलाई को होगा। वर्तमान परिदृश्य में अर्थव्यवस्था, समाज और राष्ट्र के समक्ष चुनौतियां विषय पर किया जा रहा है। इस वेबिनार के संरक्षक तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ. परमानंद तिवारी हैं जबकि इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के गुणवत्ता प्रकोष्ठ और नैक के प्रभारी तथा अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ अमित भूषण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के संयोजन सचिव मुकेश पाण्डेय हैं जबकि ज्ञान प्रकाश पाण्डेय (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र), कमलेश खात्री (सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र) और शहबाज खान कार्यक्रम का सह-संयोजन कर रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि इस वेबिनार के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन के निदेशक डॉ. प्रोफेसर यतीन्द्र सिंह सिसोदिया और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विषय के पूर्व प्रोफ. प्रदीप भार्गव होंगे। इस वेबिनार के विशिष्ट अतिथि डॉ और प्रोफेसर तेज प्रताप सिंह, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर होंगे। श्री सिंह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, यूके के फेलो भी हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय), सागर, मध्यप्रदेश के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष और अम्बेडकर चेयर और सोशल जस्टिस के चेयर प्रोफेसर डॉ दिवाकर सिंह राजपूत तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के स्कूल ऑफ सोशल स्टडीज के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.एल.एस.गजपाल एवं श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार हमारे सम्माननीय अतिथि होंगे। इसके अलावा गांधी शांति अध्ययन केंद्र, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक आपदा से निपटने में गांधी जी के तौर-तरीकों पर डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी आमंत्रित वक्तव्य देंगे। 17-18 जुलाई को गूगल मीट पर सुबह के 10 बजे से अपराह्न के 2 बजे तक चलने वाले इस वेबिनार में हमारे सभी अतिथि कोरोना का अर्थव्यवस्था, समाज और देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां उनका निराकरण के विभिन्न पक्षों पर अपना वक्तव्य रखेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.अमित भूषण करेंगे और फिर प्राचार्य, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा करेंगे। प्रोफ. तिवारी ने डॉ. अमित भूषण सहित पूरे आयोजन कमेटी को कार्यक्रम की पूर्ण सफलता के लिए शुभकामनाएं भेजी है।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

*Department of Economics, Govt. Tulsi College invites faculty members (regular/ad-hoc/temporary) and registered Ph.D research scholars to join*

Two Day National E-Seminar on

# CHALLENGES BEFORE ECONOMY, SOCIETY AND NATION IN PRESENT SCENARIO

## JULY 17-18 2020

**on Google Meet, 10 am to 2 pm**

All participants are requested to register online by on or before 16th July by browsing the link given below:

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdK8kfjw_6Fnl2gnADvMcdP1PJ4fj
BhY65toNwcJuw0N_blzw/viewform?usp=pp_url


Note:
After successful registration, participants are requested to join the official group for communication on Telegram. You are therefore requested to install the Telegram App either from Play Store or Apple Store. The Link to join official group is: https://t.me/joinchat/OLJu3lF4zVvQpOL4AHbyFA


For Further Queries mail us at


iqac.gtdc1972@gmail.com
mpandey103206@gmail.com


PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# वेबिनार की झलकियाँ

















PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)




डॉ. अमित भूषण
आयोजक
(विभागाध्यक्ष- अर्थशास्त्र)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)